कैडेट्स को गोल्ड मेडल व ट्रैक शूट भेंट कर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह व अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा

दिनांक : 07 दिसम्बर, 2024 | को 102 यू पी बटालियन गोरखपुर बटालियन द्वारा महाराजगंज में संचालित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर इंटर ग्रुप प्रतियोगिता शिविर गाजियाबाद में सम्मिलित कैडेट्स को गोल्ड मेडल और ट्रैक शूट भेंट कर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह और अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा जी ने सम्मानित किया।

राजपथ परेड से पूर्व प्रीआर डी सी शिविर गाजियाबाद और इंटर ग्रुप शिविर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के सीनियर अंडर आफिसर सागर जायसवाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, कैडेट् आशुतोष मणि त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी को शिविर में सम्मानित किया, साथ में भुनेश्वरी कुमारी इंटर कॉलेज कैडेट दीपाली यादव, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सीनियर अंडर ऑफिस अविनाश, रामहर्ष इंटर कॉलेज महराजगंज के कैडेट विश्वमोहन धर दूबे और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैडेट आदर्श श्रीवास्तव को शिविर में सम्मानित किया गया।

कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने शिविर में कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राजपथ परेड पर चलना हर कैडेट्स का सपना होता है। जिसके लिए कैडेट्स को कुशल नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सैन्य प्रशिक्षण और विविध प्रतियोगिताओं में स्वयं को साबित करना होता है। विपरीत परिस्थित में मिलने वाले चुनौती कमांडो ट्रेनिंग के समान होता है। शिविर के वातावरण में ढलना और मिलने वाले आदेश को अनुशासन में तप कर ही कैडेट्स राजपथ पर चल पाते है। राजपथ परेड से पूर्व प्री आर डी सी शिविर में 102 यू पी बटालियन गोरखपुर के सात कैडेट्स ने गोरखपुर मुख्यालय दल का नेतृत्व किया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामना दिया। शिविर के समापन समारोह में प्रमुख रूप से पी आई स्टाफ सूबेदार आर. के. राठी, जेसीओ सूबेदार धरेश माने, हवलदार रामबालक, संजय कुमार, पिंटू सिंह, ए.एन.ओ. सर्वजीत सिंह, हेमंत कुमार, सहित सभी ए. एन.ओ. और केयर टेकर आफिसर ने कैडेट्स की उपलब्धियों पर शुभकामना दिया।